मेलबर्न में तिरंगा फहराएंगे करण जौहर

निर्माता करण जौहर इस बार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मेलबर्न में भारतीय तिरंगा फहराएंगे. वह अगस्त में होने जा रहे इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का हिस्सा बनने के लिए तैयारी कर चुके हैं. इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न जो कि दक्षिणी ध्रुव का सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल होता है, वहां पर भारतीय तिरंगे को फहराया जाता है और इस बार करण स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगे को फहराएंगे. 10 दिनों के इस इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी तादाद में भारतीयों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया जाएगा. इंडियन ऑस्ट्रेलियंस और बाकी लोगों के बीच 11 अगस्त को झंडा फहराया जाएगा.

करण ने कहा कि उनके लिए बहुत बड़े सौभाग्य की बात है कि अपने देश को रिप्रेजेंट करने का मौका मिल रहा है और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने तिरंगे को फहराना मेरे लिए गर्व की बात है.